श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 101, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 17 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## बढ़ेगी ठंड, पहाड़ों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में गिरे ओले, दिल्ली में सीजन की पहली बारिश



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार शाम दिल्ली में इन सर्दियों की पहली बारिश हुई। यह बारिश हालांकि हल्की ही थी, लेकिन फिर भी सोमवार से इसका असर दिखाई देगा। ठंड में इजाफा होगा और न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट आएगी। वहीं, हरियाणा में भारी मात्रा में ओले गिरने से शिमला जैसा नजारा हो गया।

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 29.1 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। स्काईमेट वेदर के मुख्य मौसम विज्ञानी महेश पलावत के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली ही नहीं, एनसीआर सहित हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में भी रविवार को बहुत जगह बारिश हुई। कुछ जगहों पर ओले भी पड़े। सोमवार को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

दीवाली के बाद रविवार की शाम को दिल्ली में हुई बारिश के बाद सड़कों पर फिसलन बढ़ गई। लिहाजा बड़ी संख्या में लोगों ने तेल की बारिश की शिकायत दिल्ली अग्निशमन विभाग के पास की। बारिश के बाद करीब एक घंटे के अंदर विभाग के पास तेल की बारिश संबंधी 57 कॉल आई। दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बारिश के कारण वातावरण में मौजूद धूल और अन्य रसायन पानी की बूंदों के साथ सड़कों पर आ गए होंगे। इसकी वजह से सड़कों पर फिसलन हो गई होगी।

हरियाणा में रविवार को दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चला। इस दौरान बड़ी मात्रा में ओलावृष्टि भी हुई। इससे सड़कों पर बर्फ का ढेर लग गया और नजारा शिमला जैसा दिखाई दिया। तूफान के कारण हांसी-चंडीगढ़ मार्ग पर सैकड़ों पेड़ गिरने से लंबा जाम लग गया। बारिश रुकने पर लोगों ने गाड़ियों से उतर कर सड़क पर पड़े पेड़ों को हटाना शुरू किया।

जम्मू-कश्मीर में दीवाली पर बदला मौसम रविवार को कड़ाके की ठंड में बदल गया। प्रदेश में बर्फबारी और बारिश से ठिठुरन बढ़ गई है। विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग समेत कश्मीर के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फ की चादर बिछ गई है। मौसम विभाग ने दो दिन और भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश में भी रविवार सुबह से लाहुल-स्पीति, किन्नौर सहित चंबा, कांगड़ा, कुल्लू की पहाड़ियों पर बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया, जबकि मैदानी इलाकों में बूंदाबांदी हुई।

लाहुल-स्पीति प्रशासन ने मनाली-काजा मार्ग आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया है। हालांकि किन्नौर होते हुए काजा घाटी शिमला से जुड़ी रहेगी, लेकिन मनाली-काजा मार्ग अब अगले साल गर्मियों में ही बहाल होगा। मौसम विभाग के निदेशक डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि काफी संभावना है कि रविवार रात चोटियों पर हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश होगी।

## यूपी के श्रद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ व हरिद्वार में बनेगा अतिथि गृह



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** दीपावली के पावन पर्व पर केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन के लिए गए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ मिलकर पुराने एक विवाद को खत्म कर दिया। साथ ही उत्तराखंड जाने वाले यूपी के श्रद्धालुओं के सुविधाओं की नई व्यवस्था भी कर दी है। वर्षों पुराने अलखनंदा अतिथि गृह का विवाद खत्म कर वहां नया अतिथि गृह निर्माण पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गोरखपुर से उत्तराखंड पहुंचे थे। वहां केदारनाथ में दर्शन किया। इसके बाद सोमवार को बद्रीनाथ में दर्शन-पूजन किया। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान सुप्रीम कोर्ट में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के बीच हरिद्वार के अलखनंदा अतिथि गृह को लेकर चल रहा विवाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल के बाद खत्म हो गया है। देवभूमि उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार का हरिद्वार में बना अलखनंदा अतिथि गृह उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसे लेकर दोनों सरकारों के बीच बरसों से विवाद चल रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वहीं पर एक और अतिथि गृह बनाया जाएगा। इससे हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। आगामी कुंभ से पहले ये तैयार हो जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा हरिद्वार में बनाया जा रहा अतिथि गृह दिसंबर तक तैयार हो जाएगा, जिसका शुभारंभ कुंभ मेले से पहले ही कर दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बद्रीनाथ दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को भी तोहफा दिया है। श्रद्धालुओं के लिए वहां जल्द ही एक पर्यटक आवास गृह बनवाया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड सरकार से बात की गई है। पर्यटक आवास का शिलान्यास भी जल्द होगा। मुख्यमंत्री ने दिसंबर तक हरिद्वार में अतिथि गृह बनाने के प्रति आश्वस्त किया है। इसके अलावा दोनों सरकारों के बीच जो भी विवाद है, उनको बातचीत से हल कर लिया जाएगा।

**केदारनाथ में आठ घंटे फंसे रहे योगी और त्रिवेंद्र :** केदारनाथ में जबरदस्त बर्फबारी के कारण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आठ घंटे फंसे रहे। धाम में तड़के चार बजे शुरू हुई बर्फबारी शाम चार बजे तक जारी रही। 12 घंटे बाद हिमपात रुका तो शाम पांच बजे हेलीकॉप्टर ने चमोली जिले के गौचर के लिए उड़ान भरी। गौचर में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को दोनों नेता बदरीनाथ जाएंगे।रविवार को योगी आदित्यनाथ और त्रिवेंद्र सिंह रावत केदारनाथ पहुंचे।

### 2019 की तुलना में इस साल दीपावली पर हुआ ज्यादा प्रदूषण, उढउइ ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एएनआइ।** इस साल दीवाली पर ज्यादा प्रदूषण दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी वर्ष 2019 की तुलना में इस दीवाली पर सबसे ज्यादा प्रदूषण दर्ज किया गया है। सीपीसीबी ने इस संदर्भ में नेशनल ग्रीन टिब्यूनल को रिपोर्ट भेजी है। बता दें कि इससे पहले एनजीटी ने पूरे देश में पटाखों के जलाने और बेचने पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि उन राज्यों को 2 घंटे ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी गई थी जहां वायु की गुणवत्ता सही हो। इस निर्देश के बावूजद दीवाली पर चोरी-छिपे पटाखे फोड़े गए। नतीजा यह रहा है कि अन्य दिनों की अपेक्षा दीपाली के दिन सबसे ज्यादा प्रदूषण बढ़ा। सीपीसीबी ने इस साल दीवाली पर हुए प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण पर एक रिपोर्ट पेश की है। इस रिपोर्ट में प्री-दीवाली और दीवाली पर हुए प्रदूषण के बारे में बताया गया है। इस दौरान 40 लोकेशन पर हवा की गुणवत्ता को मॉनिटर किया गया था।

## बारिश के चलते पंजाब, हरियाणा, सहित उत्तर भारत के इन राज्यों में प्रदूषण से मामूली राहत




**नई दिल्ली, जेएनएन।** दीवाली के बाद पटाखों के धुएं से लोगों को बड़ी राहत मिली है। हरियाणा, पंजाब समेत दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज बारिश के साथ ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है। वहीं मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में ठंड बढ़ने की आशंका जताई गई है। राहत की बात यह रही कि दीवाली को हुई आतिशबाजी के चलते बढ़े प्रदूषण को कम करने का काम रविवार को हुई बारिश ने किया है। उत्तर भारत में हुई इस बारिश से हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया है। लोगों को प्रदूषण से बनी स्मॉग से भी छुटकारा मिल गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस बारिश से प्रदूषण का स्तर कम होगा और साथ ही दिल्ली में स्मॉग में सुधार आएगा। प्रदूषण से बनी स्मॉग के हटने से लोगों ने खुलकर सांस ली। आखों में जलन और सांस लेने में हो रही तकलीफ से भी लोगों को राहत महसूस हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई। जानते हैं कि उत्तर भारत में प्रदूषण की ताजा स्थिति क्या है?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिससे राज्यों में लोगों को स्मॉग और वायु प्रदूषण से राहत मिल सकती है। 9 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। बता दें कि दिल्ली एवं हरियाणा के कई क्षेत्रों में रविवार को हुई तेज बारिश के चलते मध्य प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। माना जा रहा है कि अगले 24 घंटे में ग्वालियर बारिश हो सकती है।

वहीं राजधानी दिल्ली में बारिश की चलते ढट 10 और PM 2.5 में सुधार हुआ है। सुबह 8:30 बजे तक जिन इलाकों में प्रदूषण लगभग 8 गुना ज्यादा था, वहां पर बारिश के चलते शाम को प्रदूषण का स्तर अब 3 गुना ही रह गया है। दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी के मुताबिक, बवाना में ढट 10 का स्तर 335 तक पहुंच गया है तो वहीं PM 2.5 का स्तर 151 है।

हरियाणा में भी अचनाक मौसम ने करवट ले ली है। रविवार शाम को बारिश और ओलावृष्टि के बाद सोमवार सुबह भी कई जगहों पर बारिश हो रही। अधिकतर स?थानों पर घने बादल छाए हुए हैं। यहां पर हो रही बारिश से लोगों को स्मॉग से काफी राहत मिली। लोग खुलकर सांस ले पा रहे हैं। यही नहीं प्रदूषण का स्तर भी काफी कम हुआ है। पिछले दिनों से लगातार बढ़ रहे वायु प्रदूषण से लोगों को निजात मिली है।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस यूयू ललित ने जगनमोहन मामले से खुद को हटाया




**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुप्रीम कोर्ट के जज यूयू ललित ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ चल रही सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। न्यायपालिका पर आरोप लगाने के मामले में जगनमोहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। जस्टिस ललित, जस्टिस विनीत सरन और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की पीठ में जगनमोहन के खिलाफ सुनवाई चल रही है। जगनमोहन पर आरोप है कि उन्होंने न्यायपालिका के खिलाफ आरोप लगाते हुए न सिर्फ प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा, बल्कि प्रेस कांफ्रेंस कर झूठे बयान भी दिए। जस्टिस ललित ने कहा कि वह इस पीठ में नहीं रहेंगे। एक वकील के रूप में उन्होंने इसमें से एक पक्ष का प्रतिनिधित्व किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेना में काम करने वाले एक दंपत्ति की एक साथ तैनाती के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर कोई आदेश देने से इन्कार कर दिया। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पोस्टिंग और अन्य मामलों में अदालत की अपनी एक सीमा है। पीठ ने कहा कि हम दंपत्ति की परेशानियों को समझते हैं। लेकिन यह कहते हुए कोई आदेश पारित करने से इन्कार कर दिया कि किसी न किसी की तो अंडमान निकोबार या लेह लद्दाख में तैनाती होगी ही।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस आर सुभाष रेड्डी की पीठ ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और उनकी पत्नी के खिलाफ सात करोड़ रुपये के कर चोरी के मामले में आयकर विभाग को नोटिस जारी कर दो हफ्ते में जवाब देने को कहा है। इस साल मई में मद्रास हाई कोर्ट ने इस मामले को निचली अदालत से विशेष अदालत में भेजे जाने के खिलाफ कार्ति और उनकी पत्नी की याचिका खारिज कर दी थी। दोनों ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी ही।

सुप्रीम कोर्ट ने अवैध खनन मामले में आरोपित कर्नाटक के पूर्व मंत्री जी. जनार्दन रेड्डी की जमानत की शर्तो में बदलाव की याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। हजारों करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में रेड्डी जमानत पर हैं, लेकिन जमानत की शर्तो के मुताबिक कर्नाटक के बेल्लारी और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कडपा नहीं जा सकते। इस शर्त में बदलाव के लिए ही रेड्डी ने याचिका दायर की है।

## कंप्यूटर बाबा के केस में राजनीति शुरू, कांग्रेस नेता ने शिवराज चौहान पर लगाए आरोप



**इंदौर, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के इंदौर में जिला प्रशासन के निशाने पर आए कंप्यूटर बाबा के केस में राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की व्यक्तिगत नाराजगी के चलते बाबा पर कार्रवाई हो रही है। तन्खा के ट्वीट के बाद कांग्रेस के अन्य नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित करार दे दिया है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, न्यायालय के दखल के बावजूद बाबा की जमानत में प्रशासन मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत कारण की वजह से रोड़े अटका रहा है।

तन्खा ने ट्वीट किया कि कंप्यूटर बाबा को उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने राहत दी। क्या कोई व्यक्तिगत कारण से शिवराजसिंह चौहान उनसे बहुत नाराज हैं? तन्खा ने आगे यह भी लिखा कि बाबा और उनके शिष्यों को चिह्नित कर नोटिस देने के साथ अन्य तरह की कार्रवाई की जा रही है। चौहान पर सवाल दागते हुए तन्खा ने पूछ भी लिया कि मुख्यमंत्रीजी क्या यही राज धर्म है? तन्खा के ट्वीट बाद कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी सरकार की कार्रवाई को बदले की भावना से प्रेरित बताया। कयास लगाए जा रहे हैं कि बाबा के मामले में पैरवी करने के लिए तन्खा जल्द न्यायालय में भी उतर सकते हैं। बीते दिनों में मप्र उच्च न्यायालय की पीठों में कई बार तन्खा वकील के रूप में ऐसे तमाम मामलों में पैरवी करते नजर भी आए हैं, जिनमें एक पक्ष सरकार रही है या कांग्रेस से जुड़े लोग प्रभावित रहे हैं।

कांग्रेस नेता भी अब बाबा की रिहाई को पार्टी की नाक के सवाल से जोड़कर देख रहे हैं। बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए खुलकर प्रचार करने वाले कंप्यूटर बाबा की रिहाई नहीं होने पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि कांग्रेस संगठन अपने लोगों की मदद के लिए भी दबाव नहीं बना पाता। कांग्रेस के इंदौर शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद भी बाबा को छोड़ा नहीं गया। उनकी जमानत में बाधाएं डाली जा रही हैं। जमानत के लिए बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के लिए पहुंचे शख्स को बाद में नगर निगम से नोटिस भी दिलवा दिया गया। इससे साफ है कि कार्रवाई न्याय के सिद्धांत और नियमों पर नहीं बल्कि किसी व्यक्तिगत नाराजगी के चलते की जा रही है।

## बर्फबारी से लकदक हुए पहाड़, निचले इलाकों में बारिश, जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी से उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में भी मौसम का मिजाज बदल गया है। उत्तराखंड के चारधाम में जहां 12 घंटे लगातार बर्फ गिरने से दो फीट तक बर्फ जमा हो गई। जम्मू-कश्मीर में भी सोमवार को हुई भारी बर्फबारी के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया है। वहीं, हिमाचल में बर्फ गिरने से पर्यटन स्थल गुलजार होने की उम्मीद बंधने लगी है।

रविवार को हुई बारिश एवं पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। यह इस सीजन का अब तक का सबसे कम अधिकतम तापमान है। हालांकि न्यूनतम तापमान में 4.6 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में ठंड बढ़ सकती है।

उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदली और पहाड़ों पर जमकर हिमपात हुआ। निचले स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश हो रही है। केदारनाथ के अलावा बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में भी जमकर बर्फबारी हुई। मसूरी के पास सुरकंडा, उत्तरकाशी के हर्षिल, देहरादून के चकराता क्षेत्र की पहाड़ियां भी बर्फ से लकदक हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से मौसम साफ रहेगा। हालांकि उच्च हिमालय में हल्की बर्फबारी के आसार हैं। जम्मू कश्मीर के ऊपरी इलाकों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी बर्फबारी जारी रही, जिससे जम्मू-श्रीनगर हाईवे समेत कई मार्ग बंद हो गए हैं। इससे वाहनों को सुरक्षित जगहों पर रोक दिया गया है। मौसम साफ होने पर गाड़ियों को मंगलवार हाईवे पर चलने की अनुमति दी जाएगी। वहीं कश्मीर में तापमान कई जगह सामान्य से नीचे बना हुआ है और मौसम विभाग ने हिमस्खलन की चेतावनी दी है। हिमाचल में रविवार देर शाम से शुरू हुई बारिश-बर्फबारी सोमवार को भी जारी रही। सीजन की पहली बर्फबारी से प्रदेश के पर्यटन स्थल गुलजार हो गए हैं। कोरोना के कारण थमे पर्यटन व्यवसाय को बर्फबारी से गति मिलने की उम्मीद है। पर्यटन स्थल मनाली, कुफरी, नारकंडा में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। लाहुल-स्पीति सहित कुल्लू, मंडी, चंबा और कांगड़ा जिला की चोटियों ने सफेद चादर ओढ़ ली है। दारचा घाटी में भी करीब आधा फीट हिमपात। बर्फबारी के बाद भी केलंग अटल टनल रोहतांग से मनाली से जुड़ा हुआ है। दूसरी ओर बारालाचा, लाचुंगका व तांगलांग ला में बर्फबारी होने से मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में उत्तराखंड समेत पश्चिमी हिमालय की पहाड़ियों पर बारिश या बर्फबारी जारी रह सकती है। 24 नवंबर से जम्मू-कश्मीर के अधिकांश इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना है।

### व्यापार में नुकसान पर विवाद में पिता-पुत्र ने की खुदकुशी, दीवाली की रात बिखर गया परिवार

**राजनांदगांव, राज्य ब्यूरो।** दीपावली की रात छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव शहर के कामठी लाइन में रहने वाले अग्रवाल परिवार में मातम पसर गया। एक ओर जहां शहर के लोग दीपावली की खुशी में पटाखे चला रहे थे, वहीं अग्रवाल परिवार में पिता और पुत्र में विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि पुत्र विकास अग्रवाल (38) जान देने की बात कहकर घर से निकल गया। तकरीबन आधे घंटे बाद जब पिता राजेश अग्रवाल (65) का गुस्सा शांत हुआ तब वो पत्नी को लेकर विकास को ढूंढने निकले। लेकिन तब तक विकास अपनी नंदई चौक स्थित हार्डवेयर की दुकान में फांसी लगा चुका था। विकास को मेडिकल अस्पताल ले जाया गए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद विकास के पिता राजेश पत्नी को लेकर घर आए और मोबाइल को घर पर छोड़ कुछ देर में लौटने की बात कहकर मोपेड लेकर निकल गए। परिवार के लोगों के साथ आस-पड़ोस के लोगों को जब आभास हुआ कि कहीं राजेश भी गलत कदम ना उठा लें तो लोग उसके पीछे गए। संभावना जता कर पड़ोस के लोग रेलवे स्टेशन तक गए, लेकिन तब तक गौरी नगर रेलवे क्रासिंग के पास राजेश अप लाइन पर आ रही मालगाड़ी के सामने कूद गए। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी नीतीश कुमार को बधाई

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के लिए कई जनसभाएं करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां सरकार गठन पर खुशी जताई है। सोमवार को नीतीश कुमार द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री पद की 7वीं बार शपथ लिए जाने पर सीएम योगी ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा कि 'लोकप्रिय जननेता श्री नीतीश कुमार जी को 7वीं बार बिहार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में बिहार प्रगति की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के ₹अंत्योदय₹ का प्रण बिहार में पूर्णता की ओर अग्रसर होगा।' बता दें कि नीतीश कुमार ने सोमवार शाम सातवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राजभवन के राजेंद्र मंडप में आयोजित समारोह में राज्यपाल फागु चौहान ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। भाजपा के तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी ने मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। यह पहला मौका है जब राज्य में दो उप मुख्यमंत्री एक साथ काम करेंगे। इनके अलावा जदयू के पांच, भाजपा के पांच, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के एक तथा विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) पार्टी के एक मंत्री ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।

## संक्षेप समाचार

### पंडित नेहरू को किया गया नमन

**सहसों।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती कांग्रेसियों ने शनिवार को भरद्वाज गुरुकुलम देवनहरी में मनाई गई। देश के विकास में उनके योगदान की चर्चा की गई। शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता कमलाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में एक गोष्ठी के माध्यम से भरद्वाज गुरुकुलम स्कूल देवनहरी में पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवराज उपाध्याय ने कहा कि पंडित जी की दूरगामी में सोच के कारण आज भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में पहचान बना चुका है। पंडित नेहरू ने प्रयागराज के किसानों के लिए बड़ा योगदान दिया है। किसानों के लिए कई बड़े आंदोलन का नेतृत्व भी पंडित नेहरू ने किया था। इस मौके पर प्रमुख रूप से उपस्थित गोपाल कृष्ण द्विवेदी, राजा बाबू, डॉ अरुण कुमार मिश्र, मदन मोहन मिश्रए, शीतला प्रसाद व्यास, अशोक मिश्र, सूर्यकांत मिश्र, रमाकांत पांडे, हरिशंकर मिश्र, गिरधारी लाल सरोज, अशफाक अहमद, रिंकू तिवारी, अमरीश पांडे, गुलाब यादव इस्तियाक अहमद आदि।

# युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या

## मौके पर पहुंची फोरेसिंक टीम ने घटनास्थल से लिया नमूना

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में बीती रात कबाड़ की दूकान पर सो रहे युवक की हत्यारों ने धारदार औजार से सिर में हमला कर हत्या कर दी। मृतक के जीजा की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू किया। परिजनों ने ब्यवसायिक विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो युवकों को हिरासत में लिया है।



युवक की हत्या के बाद जांच पड़ताल करती पुलिस व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

जानकारी के मुताबिक कौधियारा थाना क्षेत्र के छोड़िया राम का पूरा गांव निवासी राजू उर्फ सलीम 28 वर्ष पुत्र मो0 इदरीश मुबंई में अपने भाई चांदबाबू के साथ रहा करता था। लाक डाउन के दौरान दोनो भाई पैतृक गांव छोड़िया आ गये थे। बेरोजगारी के चलते बीते दस दिन पूर्व मो0 सलीम अपने जीजा मो0 हुसैन उर्फ हसनैन निवासी भोपतपुर थाना थरवई की चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव स्थित कबाड़ की दूकान पर आकर देखरेख करने लगा।

रोज की भाति वह कबाड़ की दूकान पर मौजूद थाए रात्रि के नौ बजे के करीब उसके जीजा मो0 हुसैन उर्फ हसनैन ने उसे भोजन करने के लिए टिफिन पहुंचायाए भोजन करने के बाद उसने टिफिन को झोले सहित चारपाई के बगल गैलरी की दिवाल में टांग कर सो गया। रात्रि के वक्त पहुंचे हत्यारों ने उसके सिर में धारदार हथियार से हमला कर मौत की नींद सुला दी द्य और मौके से फरार हो गये। घटना की जानकारी पाकर थरवई थानाध्यक्ष राकेश चैरसिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हत्या की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर एसपी गंगापार धवल जायसवालए सीओ फूलपुर राम सागर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेसिंक एवं डागस्क्वायड टीम को बुलाया। घटनास्थल पर पहुंची फोरेसिंक टीम ने रक्त का नमूना लिया। खोजी कुत्ता मृतक की चारपाई से दक्षिण दिशा से होते हुए पूर्वी छोर पर स्थित पक्की सड़क से होकर फाफामऊ.सहसों मुख्य मार्ग पर आकर रूक गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कब्जें मे ले लिया द्य और पीएम हेतु एसआरएन भेज दिया। मृतक के जीजा मो0 हसनैन ने ब्यवसायिक प्रतिद्वंदिता का आरोप लगाते हुए झूंसी थाना क्षेत्र के मलावां गांव निवासी के विरूद्ध नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### दो भाईयों में बड़ा था सलीम

**सहसों।** मृतक सलीम दो भाईयों में बड़ा थाए वह अपने छोटे भाई चाँद बाबू के साथ मुबंई में रहकर कारोबार कर गृहस्थी चलाता था। कोविड.19 महामारी के दौरान वह घर आकर रूक गया। मृतक की शादी पाच वर्ष पूर्व माजिदा के साथ हुई थी। बेटे के शव के पास खड़े रो रहे पिता इदरीश ने बताया कि आखिर बेटे द्वारा दी गई सौगात बहू के पेट मे पल रहे बच्चे का क्या होगा.घ कहते हुए दहाड़ मारकर रो पड़े।

### हसनैन को रास्ते से हटाने के इरादे से आये थे हत्यारे

**सहसों।** व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता को लेकर तथा सलीम की हत्या को लेकर तरह.तरह की चचार्यें है। हसनैन ने बताया कि उसकी दूकान पहले बसमहुआ गांव स्थित प्राइमरी पाठशाला के पास में थीए परन्तु लगभग दो माह पूर्व उसने बसमहुआ गांव की ओर जाने वाले गेट के पास दूकान खोल लिया था। जिसे लेकर पास में कबाड़ की दूकान चलाने वाले दूकानदार ने एतराज किया था। आरोप है कि लगभग दस दिन पूर्व उक्त दूकानदार ने हसनैन को धमकी भी दी थी। जिससे आशंका ब्यक्त की जा रही है कि हत्यारो ने हसनैन के बजाय धोखे से सलीम के सिर में धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी।

# दीपावली पर छुट्टी लेकर घर पहुंचे युवक की हत्या, दो हिरासत में

**करछना।** थाना क्षेत्र के केचुहा गांव निवासी एक युवक महाराष्ट्र मे रहकर प्राइवेट कम्पनी मे कामगार था जो दीपावली के त्योहार पर छुट्टी लेकर घर आया जिसकी दो दिन बाद चाकूओ से गोदकर हत्या कर दी गई। इस मामले मे पुलिस ने दो लोगो को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही है गांव निवासी कृष्ण मटुक पटेल का दो लड़को में बड़ा मुकेश पटेल 19 वर्ष शनिवार को गांव के बाहर अपने निजी नलकूप पर पिता को भोजन देने गया था भोजन देने के बाद वह देररात घर नही लौटा तो परिजनो ने युवक के मोबाइल पर फोन किया लेकिन फोन का कोई जबाव नही मिला। जिससे परिजन रातभर परेशान रहे सुबह 6 बजे शौच गये लोग देखा गांव के पास नाली मे युवक की लाश पडी थी मामले का पता चलते ही गांव मे हडकंप मच गया जानकारी होते ही परिजन घटना स्थल पर पहुचे परिजनो ने देखा कि मुकेश के गर्दन पर चोट के निशान है स्थानीय पुलिस को सूचना दी घटना की जानकारी होते ही एसो करछना अनिल कुमार सिंह मौके पर छानबीन मे जुटे गये।घटना पर डाक स्क्वाड टीम भी पहुची पुलिस को घटना स्थल से 400 मीटर की दूरी पर हत्या मे प्रयुक्त लाठी बरामद हुई जिसपर खून के निशान थे मृतक के परिजनो को आरोप है कि पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या की गई वही हत्या से जुडे बिदुओ पर जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया देरशाम पोस्टमार्टम से शव गांव पहुचा तो एकबार फिर कोहराम मच गया वही पुलिस मृतक के मोबाइल काल डिटेल के आधार पर घटना मे शामिल लोगो तक पहुचने व आशनाई के इगिंल पर भी जांच कर रही है।



युवक की हत्या के बाद जांच पड़ताल करती डाग स्क्वायड टीम व जुटी भीड़



मृतक मुकेश पटेल (फाइल फोटो)

## छत की हुक में फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**हडिया।** थाना अंतर्गत सैदाबाद चौकी क्षेत्र के दुमदुमा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सैदाबाद दुमदूमा गांव निवासी प्रदीप कुमार निषाद उम्र 35 वर्ष जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दीपावली के दिन ही दोपहर में वह अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। छत की हुक में केबिल से फांसी का फंदा बनाकर फाँसी पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वही घर के परिजन बार-बार दरवाजा पीट रहे थे जब काफी देर तक नहीं खुला तो खिड़की से यह देखकर उनके होश उड़ गए।सूचना पर चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौयाँ सिपाही अखिलेश राय करन सिंह पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से दरवाजा को तोड़कर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों के मुताबिक मृतक युवक कुछ दिनों से मानसिक विक्षिप्त हो चुका था। मृतक के दो बच्चे शिल्पी व तेजू हैं। प्रदीप की मौत से पत्नी समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



मौके पर जुटी लोगों की भीड़

## ईंट भट्ठा मजदूर के छप्पर में लगी आग, डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चे की जलकर हुई मौत

**घूरपुर।** क्षेत्र के चम्पतपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर दिवाली की रात एक मजदूर के छप्पर में आग लग गई । जिससे अंदर परिवार सहित सो रहा मजदूर परिवार किसी तरह बाहर निकल आया लेकिन एक डेढ़ वर्षीय मासूम छप्पर में ही रह गया । जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया और काल के गाल में समा गया।

घूरपुर के चम्पतपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर बांदा जनपद के गिरवा थाना क्षेत्र के छिबाव गांव निवासी विजय कुमार अपनी पत्नी सोनू देवी व तीन बच्चों के साथ भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए आया था । दिवाली की रात विजय कुमार अपने परिवार सहित अपने छप्पर नुमे आवास में सो रहा था ।इसी बीच छप्पर के अंदर जल रहे दीपक से किसी कारण वश आग लग गई । आग बढ़ी और छप्पर को पकड़ ली तब तक मजदूर की नींद खुल गई और वह पत्नी समेत दो बच्चों को लेकर छप्पर के बाहर निकल गया । लेकिन डेढ़ वर्षीय मासूम सनी छप्पर में ही रह गया ।जब विजय व उसकी पत्नी सोनू ने सनी की ओर नजर डाली तो याद आया कि वह तो अंदर ही रह गया ।विजय आग की लपटों से घिरे छप्पर में घुसने का प्रयास करने लगा तब तक छप्पर जलते हुए गिर गया और मासूम सनी बुरी तरह से झुलस गया । आग बुझने के बाद निकाला गया तो उसकी झुलसने से मौत हो चुकी थी ।

# भईया दूज पर सुजावन देव यमुना घाट पर उमड़ा स्नानार्थियों का रेला, लगाई मोक्ष की डुबकी

**घूरपुर।** क्षेत्र के ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल सुजावन देव घाट पर भैया दूज के दिन यमुना स्नान करने वालों का रेला पहुंचा। इस बीच श्रद्धालुओ ने डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लिया और खेतीबाड़ी-गृहस्थी की वस्तुएं जमकर खरीददारी की।

कोरोना संक्रमण काल को देखते हुए इस वर्ष प्रशासन ने ऐतिहासिक स्थल सुजावन देव घाट पर भैया दूज के दिन लगने वाले मेले के आयोजन की परमीशन नहीं दी थी ।सिर्फ स्नान करने वालों को कोविड -19 के नियम के तहत स्नान करने का ही निर्देश दिया था ।लेकिन आस्था के आगे कोरोना संक्रमण बौना हो गया और लोगों की जबरजस्त भीड़ स्नान करने लिए पहुंची और सैकड़ो दुकानें भी सज गई ।

सुजावन देव घाट पर भैया दूज के दिन लगने वाले मेले व स्नान करने के बारे में किवदंती है कि कार्तिक मास के दूज के दिन यानी कि आज के दिन यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने के लिए सुजावन देव यमुना तट पर आये थे ।काफी अर्से के बाद पहुंचे भाई यमराज की बहन यमुना ने जमकर आतिथ्य सत्कार किया बहन के आतिथ्य से खुश हो यमराज ने बहन यमुना को वर मांगने के लिए कहा ।यमुना ने भाई यमराज से कहा कि भैया यदि आप हम पर खुश हैं तो मुझे वरदान दीजिये कि आज के दिन यानी कि भैया दूज के दिन जो भक्त यमुना स्नान करके अपनी बहन के घर जाएगा वह आपके बंधनो से मुक्त होगा अर्थात वह मोक्ष को प्राप्त होगा ।बहन यमुना की इस लोक कल्याणकारी बात सुन भाई यमराज ने तथास्तु कहते हुए अंतर्धान हो गए ।तभी से लोग भैया दूज के दिन यमुना स्नान कर अपनी बहन के यहां पहुंच भाई बहनों के हाथों अपने माथे पर टीका लगवा कर बहन को सुरक्षा का वचन देते हैं तो बहन भी अपनी भाई की दीघार्यु होने की कामना करती है।

इसी तर्ज पर सुजावन देव के घाट पर सदियों से भैया दूज के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का रेला पहुंचता है । जनपद सहित अन्य जिलों के श्रद्धालु दीपावली के दिन चित्रकूट में दीपदान करने के बाद सुजावन देव यमुना तट पर भईया दूज के दिन तक रुक यमुना स्नान कर सुजावन देव का दर्शन पूजन कर अपने घर को जाते हैं । महिला श्रद्धालु यमुना की मंगलगीत के साथ पूजा अर्चना कर आरती की।घूरपुर तिराहे से लेकर सुजावन देव यमुना तट तक भारी भीड़ लगी रही। घूरपुर भीटा रोड पर शाम तक स्नानार्थियों की रेला से जाम की स्थिति बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस और रेलवे क्रासिंग पर रेलवे पुलिस एहतियात न तैनात रही।



सुजावनदेव घाट पर डुबकी लगाने को उमड़े श्रद्धालु



भगवान शिव की पूजा करते श्रद्धालु

### खेतीबाड़ी, गृहस्थी की सामानों की जमकर हुई खरीददारी

यमुना स्नानार्थियों ने खेतीबाड़ी गृहस्थी की आवश्यक उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। वापस होने वालो के हाथ मे कुछ ना कुछ सामान जरूर था किसी का हाथ खाली नही था। किसी के हाथो मे तो किसी के सिर पर सामान रखे हुये वापस होते रहे आखिर क्यों ना हो इस दिन को लेकर क्षेत्रीय जन एक वर्ष से इंतजार करते है ।भईया दूज के दिन की यही खासियत भी है की घरेलू से लेकर खेतीबाड़ी से जुड़े छोटी बड़ी वस्तुयें की भारी दूकानें कई जनपदों की लगती है घरेलू में कड़ाही, चिमटा, कलछुल, तावा, खलबट्टा, सूपा, सिल, चकरी, मूसर, ओखली, चलनी चाकू आदि व खेतीबारी में कुल्हाडि, फावडा, कुदाल, हल, हंसिया खूरपा डलिया, टोपा आदि जो सहजता व सस्ते मूल्यों में उपलब्ध रहती है सुबह से रात तक खरीदारों की भीड़ जुटी रही ।स्थानीय लोगो के दूर दराज के रिश्तेदार भी सुजावन देव यमुना तट में जानें के लिये घरो में पहुंच खरीददारी करते है। हालांकि इस बार पूर्व जैसी भारी संख्या में दुकाने नही थी। लेकिन खेतीबाड़ी और गृहस्थी से जुड़ी सैकड़ो दुकाने सजी हुई थी।



घाट पर पूजन अर्चन करती महिलाएं

### सुजावन देव मंदिर में भक्तों की लगी रही कतारें

यमुना की धारा में पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर को भव्यतापूर्ण तरीके से सजाया गया था। मंदिर स्थित शिव भगवान की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतारें लगी रही। यमुना स्नान के बाद श्रद्धालु मंदिर जाकर पूजा अर्चना किया। मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेंद्र भारथी पूरी व्यवस्था में लगे रहे।

### रंग बिरंगी लाठियां और राम पुरिया चाकू की रही लूट

मेले मे विभिन्न जनपदों के मशहूर रंग बिरंगी विभिन्न प्रकार की लाठियों और राम पुरिया चाकू की भी खूब बिक्री रही लाठी के शौकीनों ने मेले मे मनचाही लाठियो की खूब खरीददारी की तो वही युवकों ने मनपसंद राम पूरिया चाकू खरीदी।

## आगजनी से फटा सिलेंडर, आधा दर्जन दुकान जलकर खाक

**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा के इब्राहिमपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सड़क की पटरी पर दुकान नुमा गुमटी में अचानक आग लग गई। जिसमें एक मिठाई की दुकान के अंदर रखे गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने के बाद आग ने खतरनाक रवैया अख्तियार कर लिया। आसपास की लगभग आधा दर्जन दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक दुकान के अंदर रखे सामान जलकर खाक हो गए। लालगोपालगंज के इब्राहिमपुर स्थित लखनऊ राजमार्ग के किनारे अखिलेश मिश्रा पुत्र विमलेश मिश्रा, शेर बहादुर यादव पुत्र रामस्वरूप यादव, बहादुर शर्मा पुत्र राम सजीवन शर्मा, मिंटू तिवारी पुत्र संगम तिवारी, सुरेश शुक्ला पुत्र भवानी शुक्ला और राम मनोहर त्रिपाठी पुत्र शेष नारायण गोमती नुमा दुकान खोल कर काफी दिनों से व्यापार कर रहे हैं। बीती रात लगभग 1:30 बजे बहादुर शर्मा के सैलून की दुकान में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग की लपटें पड़ोसी शेर बहादुर यादव के मिठाई के दुकान तक पहुंच गई। आग ने जब रौद्र रूप धारण कर लिया तो मिठाई के दुकान में रखे गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने के बाद अखिलेश मिश्रा के पान एवं जनरल स्टोर, मिंटू तिवारी, सुरेश शुक्ला के दुकान को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें अधिकांश दुकानें गुमटी पान और चाय के साथ किराना एवं जनरल स्टोर की दुकानें शामिल हैं। आसमान से बात करते आग के शोले को देखकर लोगों ने घटना की सूचना व्यापारियों को दी। प्रभावित व्यापारी आनन-फानन इब्राहिमपुर गांव पहुंच गए। जहां घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड के साथ 112 डायल को दी। फायर ब्रिगेड एक घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड जब तक आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखे हर छोटे-बड़े सामान जलकर राख हो गए थे। घटना की सूचना सुबह जंगल में आग की तरह फैल गई। आगजनी का मामला देखने के लिए दिन भर लोगों की आवाजाही लगी रही। अराजक तत्वों द्वारा लगाई गई आग की दिनभर चर्चा रही।

## भाई को तिलक लगा दीर्घायु, सुख समृद्धि के लिए बहनों ने की कामना



भाई के माथो पर तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना करती बहन

**घूरपुर।** भैया दूज का त्योहार हर्ष व उल्लास के माहौल में मनाया गया। भाई बहनों के घर गए तो विवाहित बहनें अपने पति संग भाई के घर पहुंचकर उन्हें तिलक लगाया और उनके दीघार्यु की कामना की।

भैयादूज पर घरों में उत्सव जैसा माहौल रहा। बहनों ने व्रत रखकर भाइयों को तिलक किया और उन्हें मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को नकदी, उपहार दिया। भैयादूज पर तमाम भाई टीका कराने अपनी बहनों के घरों पर पहुंचे। तो वहीं बहनो ने भी ससुराल से मायके पहुंच पूरे उत्साह के साथ भाई का तिलक किया। और कुछ भाई-बहनो ने यमुना में एक दूसरे का हांथ पकड़ स्नान भी किया। भैयादूज पर बहनों ने घर के आंगन में रंगोली सजाकर विधि विधान से पूजन किया। अपने भाइयों की दीर्घायु के साथ ही उनके जीवन में सुख-समृद्ध के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूजन के बाद भाइयों के मस्तक पर टीका लगाया और मिठाई खिलाई। घरों में विभिन्न तरह के पकवान तैयार किए गए। इस पर्व पर बाजार में मिठाइयों की आकर्षक दुकानें पूरी दिन सजी रही। गोलों की बिक्री भी खूब हुई। भाई बहन के प्रेम का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया।

### लालापुर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के कुशल निर्देशन में तलाश व वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार एवं क्षेत्राधिकारी बारा के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को थानाध्यक्ष लालापुर व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबीर खास की मदद से थाना लालापुर में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त संतलाल द्विवेदी पुत्र श्यामलाल द्विवेदी निवासी ग्राम नौढिया तरहार, थाना लालापुर प्रयागराज उम्र करीब 59 वर्ष को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज मंगलवार, 17 नवम्बर, 2020

## माघ मेला सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर हुआ भूमि पूजन

**प्रयागराज।** माघ मेला में भूमि पूजन से साथ शुरू हुई तैयारियां आईजी व डीआईजी ने पत्नी के साथ की पूजा। आगामी माघ मेला 2020-21 की तैयारियों एव सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन जुट गया है। सोमवार को माघ मेला पुलिस लाइन में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेन्द्र गिरी की उपस्थिति में प्रयागराज रेंज के आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह तथा डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी सह पत्नी विधि विधान से भूमि पूजन किया। इस मौके पर माघ मेला प्रभारी आशुतोष मिश्रा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार माघ मेले की तैयारियो में थोड़ी परेशानी हो सकती है। वहीं पुलिस मेले की सुरक्षा को लेकर कार्यालय और पुलिस लाइन बनाने की तैयारियों में लग गई है। सोमवार को पुलिस अफसरों ने भूमि पूजन के बाद हवन करके माघ मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस बार पुलिस के लिए कोविड-



माघमेला सकुशल संपन्न कराने को लेकर भूमि पूजन करते साधु संत व अधिकारीगण

से सुरक्षा हेतु सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। सुरक्षा ब्यवस्था तथा मेला सकुशल सम्पन हेतु अफसरों ने भगवान का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अखाड़ा परिसद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरी सहित काफी संख्या में साधु संत तथा पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## भाई दूज पर बहनों ने भाई को टीका लगाकर की दीर्घायु की कामना

**सहसों।** भाई दूज या यम द्वितीया के अवसर पर बहनों ने भाई को टीका लगाकर उनकी आरती उतारी तथा ईश्वर से लंबी उम्र की कामना की। क्षेत्र में बहनों ने भाई को रोली चंदन का टीका लगाया तत्पश्चात घी के दीपक जला कर श्रद्धा भाव से परस्पर प्रेम के प्रतीक भाई को आरती उतारी। इसके बाद भाई ने यथाशक्ति बहन को उपहार देकर उनके सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद दिया। इस संबंध में आचार्य दिनेश शास्त्री ने बताया कि यम द्वितीया पर जो भाई यमुना नदी में स्नान कर बहन के आतिथ्य स्वीकार करता है। तो उसे यम का भय नहीं सताता है। मान्यता के अनुसार बहन यमुना ने भाई यम को अपने यहां भोजन पर बुलाया। परंतु वह नहीं पहुंच पा रहे थे। अचानक कार्तिक के द्वितीय पर घर के दरवाजे पर यमुना ने भाई को देखकर अति प्रसन्न हुई तथा उन्हें टीका लगाकर स्वादिष्ट व्यंजन का भोजन कराया इस पर



भैया दूज पर भाई के माथे पर तिलक लगाने के बाद मिठाई खिलाती बहन

प्रसन्न होकर भाई यम ने अपने बहन से वर मांगने के लिए कहा। बहन यमुना ने कहा कि इस दिन जो भाई अपने बहन का आतिथ्य स्वीकार करेगा। उसे आप का भय न सताए यही हमारी इच्छा है। इस पर यम ने तथास्तु कहकर चले गए। रक्षाबंधन त्यौहार के पश्चात भैया दूज भाई बहन के परस्पर प्रेम का दूसरा सबसे बड़ा त्यौहार है। जो भाई बहन के परस्पर प्रेम को प्रगाढ़ करता है।

### प्रयागराज के अल्लापुर में हुई बम बाजी, पथराव एक बालक हुआ जख्मी

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के अल्लापुर मुहल्ले में सोमवार दोपहर बमबाजी और पथराव से अफरा तफरी मच गई। बम का छर्रा लगने से एक बालक जख्मी हो गया है। पुलिस बम चलाने वाले गुन्नू पासी की तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुन्नू आपराधिक प्रवृत्ति का है' जानकारी के अनुसार अल्लापुर में पानी टंकी के पास रविवार शाम उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया था। इसके बाद उसने एक के बाद एक कई बम फोड़कर भाग निकला। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। सोमवार दोपहर गुन्नू ने अल्लापुर में बमबाजी कर दी। इससे एक बालक जख्मी हो गया तो नाराज लोगों ने ईंट-पत्थर चलाना शुरू कर दिया। इससे मुहल्ले में खलबली मच गई। इंस्पेक्टर जार्जटाउन पवन त्रिवेदी का कहना है कि बम नहीं पत्थर लगने से बालक को चोट आई है। गुन्नू की तलाश पुलिस कर रही है जल्द ही वह गिरफ्त में होगा।

## रामायण मेला की कुशलता के लिए श्रृंगवेरपुर घाट पर भव्य गंगा आरती

**लालगोपालगंज।** श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए श्रृंगवेरपुर घाट पर भव्य गंगा पूजन एवं आरती कराई गई। जिसमें पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी, जनप्रतिनिधि, संत महात्मा एवं संभ्रांत लोग सम्मिलित हुए। आरती के बाद लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

श्रृंगवेरपुर धाम में 130 राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन होने जा रहा है विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल पक्ष देवस्थान एकादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक आयोजित होगा। जिस को सफल बनाने के लिए श्रृंगवेरपुर तट पर हरिद्वार के तर्ज पर भव्य गंगा आरती कराई गई 5 आचार्यों के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से काली सहाय त्रिपाठी ने गंगा पूजन एवं आरती कराई। गंगा पूजन में विशिष्ट



श्रृंगवेरपुर धाम में 25 नवंबर से पांच दिवसीय आयोजित होने वाले मेला के लिए पूजन करते हुए

अतिथि के रूप में आईजी कविंद्र प्रताप सिंह सम्मिलित हुई है। मेला अधिकारी एवं उप जिला अधिकारी सोरांव अनिल चतुवेर्दी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। 9415 पूजा के दौरान कविंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है अयोध्या में राजा दशरथ को पुत्र की प्राप्ति जब नहीं हो रही थी। तब त्रेता युग में वशिष्ट ने श्रृंगवेरपुर की पावन धरती पर तप कर रहे श्रृंगी ऋषि को बुलाकर अयोध्या में पुत्रयेष्ठ यज्ञ कराया। इसके बाद राजा दशरथ को भगवान रामचंद्र जी के रूप में पुत्र की प्राप्ति हुई। रामराज्य को धरती पर लाने के लिए इसी प्रकार के धार्मिक आयोजन करने से ही संभव हो सकता है आईजी ने श्रृंगी ऋषि एवं मां शांता की मंदिर में माथा टेक



पूजन करते आईजी कवींद्र प्रताप सिंह

पूजन दर्शन किया।राष्ट्रीय रामायण मेला महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि मेल 25 नवंबर से प्रारंभ होकर 29 नवंबर को समाप्त कर दिया जाएगा। बुधवार से रविवार तक सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन होगा। इस बीच पुलिस महानिरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, उप जिला अधिकारी सोरांव अनिल चतुवेर्दी, विधायक आरके वर्मा, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, सोरांव ब्लाक प्रमुख आलोक पांडे, रोशन पांडे शांतिपुरम, कन्हैया लाल पांडे, रामायण मेला अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे, बाल व्यास अतुल महाराज, दूधनाथ पटेल, गंगा सेवक अरुण शुक्ला, भीम दत्त पांडे, जे एन यादव, सियाराम सरोज, विनोद ओझा, उमेश तिवारी, राहुल पासी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय बाल शिशु गृह में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



बालि दिवस कार्यक्रम मनाते बच्चे व अन्य

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व श्री विनोद कुमार तृतीय माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशा अनुसार, राजकीय बाल शिशु गृह खुल्दाबाद में नोडल अधिकारी डिस्टिक लीगल सर्विस अथॉरिटी श्रीमती निशा झा एडीजे की अध्यक्षता में 14 नवंबर, 2020 को विधिक साक्षरता कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, जिसमें चंद्रमणि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की गई और श्रीमती निशा झा नोडल अधिकारी द्वारा बच्चों को बाल दिवस मनाने का कारण व उसके उपयोगिता व अधिकार के बारे में बताते हुए बच्चों के साथ केक काटकर पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए, जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को चॉकलेट बिस्किट चिप्स आदि वितरित किए गए। अल कौसर सोसायटी की अध्यक्ष सुश्री नाजिया नफीस द्वारा बच्चों को बाल दिवस की शुभकामना प्रदान करते हुए उन्हें उनके अधिकार के बारे में बताया और आम सरस फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती संगीता कुशवाहा बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर नितिन श्रीवास्तव नीतीश कुमार राणा हरीश श्रीवास्तव इत्यादि व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नवाबगंज पुलिस ने लूट के तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवाबगंज।** नवाबगंज पुलिस ने लूट के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लूट के 15 हजार, दो अदद कीमती मोबाइल एवं बाइक के साथ गिरफ्तार करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। वही दूसरे स्थान से पुलिस ने तमंचा एवं कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। नवाबगंज पुलिस के मुताबिक लीलावती इंटर नेशनल स्कूल के पास से लूट के 15 हजार, दो स्मार्ट कीमती मोबाइल एवं प्रयुक्त बाइक के साथ अभियुक्त संदीप पटेल पुत्र विजय पटेल निवासी शिव लाल का पूरा गोहरी थाना सोरांव, प्रदीप यादव उर्फ पुत्तन पुत्र राजन यादव निवासी गढ़वा थाना नवाबगंज एवं पिंटू सरोज पुत्र कल्लू सरोज निवासी बेल्हा थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। पकड़े गए पकड़े गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने बाइक, मोबाइल एवं १५ हजार रुपए के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में एसआई राकेश गौतम कांस्टेबल अंकुर रिंकू मौजूद रहे। इसी क्रम में नवाबगंज पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर एकली पेट्रोल पंप के पास से अभियुक्त रिजवान पुत्र मुनीर अहमद मीरा पट्टी थाना धूमनगंज प्रयागराज को एक कदम तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। संयुक्त टीम में एसआई मुनेंद्र सिंह एसआई मनोज कुमार सिंह क्राइम ब्रांच हेड कांस्टेबल सत्येंद्र प्रधान, नवीन राय, अखिलेश यादव, राहुल कुमार, अभय कुमार, रवि देव यादव नवाबगंज पुलिस एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम मौजूद रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## तीन दिन से लापता मजदूर का शव कुएं से बरामद, परिजनों में कोहराम

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र के बजहा गांव में सोमवार को कुएं में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और कुएं से शव को निकाला। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पोस्टमार्टम में डूबने से उसकी मौत की पुष्टि हुई है। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए। औद्योगिक क्षेत्र के बजहा गांव निवासी बब्लू भारतीया (28) पुत्र मुन्नू भारतीया मजदूरी करता था और पत्नी सविता भारतीया, एक बेटा व दो बेटियों का पालन पोषण करता था। पत्नी सविता देवी के मुताबिक शुक्रवार रात में वह खाना खाने के बाद नशे की हालत में वह बिना किसी से कुछ बताए निकला था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह गांव के समीप एक बाग के निकट एक ?कुएं से बदबू आने के बाद जब ग्रामीणों को महसूस हुई तो पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और कटिया डाला तो पता चला कि अंदर किसी का शव है। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तो पता चला कि वह लापता बब्लू भारतीया का शव है। तब तक सूचना मिलने पर मृतक के परिजन पहुंचे और शव को भी एक कोहराम मच गया हालांकि पुलिस ने शव की पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए इस संबंध में एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा का कहना है कि प्रथम दृष्टया जांच में व परिवारीजनों से पूछताछ में दुर्घटना वश कुएं में गिरने की बात सामने आया है।

### बाइक जलाने व गोली चलाकर अफरातफरी का माहौल फैलाने वाला गिरफ्तार, गया जेल

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के नौढ़िया गांव निवासी सोमदत्त शुक्ल के घर में दीपावली की रात लोग घर मे दिवाली का त्योहार मना रहे थे की इसी बीच गांव के ही संत लाल द्विवेदी पुत्र श्यामलाल द्विवेदी पहुंच गया और सोमदत्त शुक्ल के घर के सामने खड़ी बाइक में आग लगा दिया ।जब बाइक जलने लगी और पीड़ित सोमदत्त ने आरोपी संत लाल से बाइक जलाने पर विरोध जताते हुए बात की तो वह आग बबूला हो गया और तमंचे से फायरिंग कर दिया। गनीमत रही कि गोली आरोपी को नहीं लगी अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। त्योहार के दिन गोली चलने की सूचना से गांव में हड़कम्प मच गया।सूचना एसओ लालापुर अमित कुमार राय को हुई तो वो मौके पर पहुंच गए ।और जांच पड़ताल के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए उसके घर दबिश दी लेकिन आरोपी नहीं मिला। सोमवार के दिन पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया ।आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास करने की धारा समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया ।

### कायस्थ परिवार ने की चित्रगुप्त महाराज व कलम दवात की पूजा

**नैनी।** नंदन तालाब में सोमवार को कायस्थ परिवार के लोगों ने अपने ईष्ट देव भगवान चित्रगुप्त महाराज व कलम दवात की पूजा की। नंदन तालाब मे स्थित जिला अध्यक्ष कायस्थ सेना संजय श्रीवास्तव के आवास पर यह पूजा संपन्न हुई। संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ परिवार के लोग प्रमुख रूप से कलम दवात की पूजा करते हैं। इस दिन सभी कायस्थ समाज के लोग आपस में मिलकर कलम दवात और अपने ईष्ट देव की विधि-विधान से पूजा करते हैं। उन्होने बताया कि चित्रगुप्त हमारे वंशज हैं। पूजा मे प्रमुख रूप से कायस्थ परिवार सेना के डॉ. जेपी श्रीवास्तव, रामजी श्रीवास्तव, राणा श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, रजनीकांत श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव आदि रहे।

## दुकानदार समेत परिजनों को जमकर पीटा, घायल

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एफसीआई रोड के समीप सोमवार को कुछ लोगों ने एक दुकानदार समेत उसके परिजनों की जमकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दिए। जिससे घायल हो गए।आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में तहरीर दी है।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के एफसीआई रोड के समीप रहने वाले ध्यान चंद्र केसरवानी घर के समीप ही किराने की दुकान चलाते हैं। सोमवार शाम को उनके पुत्र सचिन केसरवानी (24) दुकान पर मौजूद थे। तभी मोहल्ले के ही एक युवक पहुंचा और उधार समान मांगने लगा। जिस पर वह देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। हालांकि मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत करा दिए। कुछ ही देर बाद वह युवक अपने कई परिजनों के साथ फिर एक बार दुकान पर पहुंचा और जमकर विवाद करने लगे, बात आगे बढ़ी तो आरोपियों ने लाठी-डंडे से सचिन की जमकर पिटाई करने लगे। जब बीच बचाव करने उसके पिता ध्यान चंद्र केसरवानी और मां विनीता केसरवानी पहुंची तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मारपीट करने वाले आरोपी फरार हो चुके थे।

## जब समाज एकरस होगा, तभी समाज समरस होगा : प्रांत प्रचारक

### अरैल घाट पर हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम

**नैनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास से देश के अंदर राष्ट्रीयता का भाव जैसे पुष्ट हुआ है, वैसे ही समरसता का भाव भी पुष्ट हुआ है। समरसता और राष्ट्रीयता से ही सम्पूर्ण दुनिया के गौरान्वित हो रहा है। यह हमारे देश के लिए गौरव की बात है। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश ने रविवार सायंकाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रयाग दक्षिण की ओर से नैनी के अरैल घाट पर आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में भारत माता और माँ गंगा का आरती तथा पूजन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जब समाज एकरस होगा तभी समाज समरस होगा और जब समाज समरस होगा तभी भारत समर्थ



अरैल घाट पर दीपोत्सव का दृश्य

होगा। कहा कि ऐसे ही सोच और विचार देश के सर्वांगीण विकास के लिए हो, ऐसे प्रयास हम सभी को करने होंगे। अंधकार को क्यों धिक्कारे अच्छा हो एक दीप जलाएं के भाव और संकल्प के साथ इसे लेकर चिंतन करने की आवश्यकता है। प्रान्त प्रचारक रमेश ने सियाचीन के ग्लेशियर में देश के शत्रुओं से लड़ते लड़ते शहीद हुए कर्नाटक के जम्बा सैनिक हनुमन थप्पा समेत तमाम शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। कहा कि आज ऐसे ही शहीदों और उनकी वीर पत्नियों की वजह से देश सुरक्षित है। साथ ही भारतीय संस्कृति के प्रति एकजुट होने पर बल दिया।

उन्होंने मां गंगा और माँ भारती की आरती करने के साथ ही जनमानस को दीपावली, माँ गंगा का महत्व तथा देश की एकता अखंडता और सीमा पर डटे जवानों के शौर्य पराक्रम और बलिदान के बारे में बताया। इस मौके पर प्रयाग दक्षिण के नगर की ओर से रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में संघ के सभी नगरों के स्वयंसेवक परिवारों की माताओं और बहनों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में सभी नगरों के स्वयंसेवकों ने त्रिवेणी तट पर दीपदान किया। इस अवसर पर 11000 दीप जलाए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कुलदीप तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह गंगा दत्त जोशी, सह विभाग कार्यवाह संजीव, डॉ राजबिहारी, विभाग प्रचारक कृष्णचंद्र, सह विभाग प्रचारक डॉ पीयूष, भाग कार्यवाह वीर कृष्ण, सह भाग कार्यवाह अजय, भाग प्रचार प्रमुख नरेंद्र एवं प्रयाग विभाग के स्वयंसेवक और आम जनमानस के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सह जिला कार्यवाह अजय ने किया।

## संक्षेप समाचार

### बहू का तोड़ दिया हाथ

**कौशांबी।** जाहिल और जल्लाद ससुरालियों ने अपनी ही पुत्रवधू को बेरहमी से इस कदर पीटा कि उसका एक हाथ टूट गया है जिस पर उसने अपने मायके को जानकारी दी है मायके के लोगों ने ससुरालियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई है जिस पर विवाद बढ़ गया मामला मंझनपुर कोतवाली पहुंचा जहां पुलिस ने जल्लाद पति को हवालात में डाल दिया है। पति को हवालात में डालने के बाद उनके माता-पिता रिश्तेदारों ने कोतवाली घेर ली है और कोतवाली के बाहर दुनिया भर की ड्रामेबाजी शुरू कर बहू के मायके के लोगों पर भी मनगढ़ंत आरोप लगाना शुरू कर दिया है। पइंसा थाना क्षेत्र के घाटमापुर गांव निवासी छोटी का विवाह मंझनपुर थाना क्षेत्र के छोकरियांन का पुरवा गांव में ढाई वर्ष पूर्व राजकुमार पुत्र अवध लाल लोध के साथ हुई थी दहेज में कम सामान मिलने की बात को लेकर बीते ढाई वर्ष से छोटी पर ससुराली जनों द्वारा बार-बार जुल्म ज्यादती और अत्याचार किया जाता रहा लेकिन मायके पक्ष के लोग बार-बार विवाद को बढ़ने से रोकने का प्रयास इसलिए करते थे कि उनकी बेटी को ससुराल में ही जीवन गुजारना है लेकिन हद तो तब हो गई जब 2 दिन पहले ससुरालियों ने विवाहिता को पटक पटक के मारा और मारपीट कर उसका एक हाथ तोड़ दिया।

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से खौफ के साये में परिवार

## सात माह के भीतर मान्धाता थाना क्षेत्र के ग्राम खरवई निवासी मैमुनिशा के दो पुत्रों की पुरानी रंजिश में हत्या

### पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**प्रतापगढ़।** मान्धाता थाना क्षेत्र के ग्राम खरवई की मैमुनिशा की आँखों का पानी ही शायद सूख गया है। पति का तो पहले ही इंतकाल हो चुका था, अब एक परिवार ने पुरानी रंजिश में सात महीने के भीतर उसके दो पुत्रों की हत्या कर उसकी जिन्दगी में ऐसे जख्म दिए हैं जो शायद कभी नहीं भर सकेंगे। हत्यारोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर होने से पीड़िता और उसके परिजन खौफ के साये में जी रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। मान्धाता थाना अंतर्गत खरवई ग्राम निवासी मैमुनिशा पत्नी अब्दुल मजीद ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीते 2 अक्टूबर को उसके पुत्र खालिक की उस समय हत्या कर दी गई जब वह पड़ोस में रहने वाले दो महिलाओं को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जा रहा था। आरोप है कि इरफान कलाम, अद्धे लाला निजामुद्दीन, रियाजुद्दीन, कल्लू, शमीम, हजारा आदि ने पीड़िता के पुत्र खालिक की गाड़ी को बुलेरो गाड़ी से टक्कर मारी और फिर उसपर गाड़ी चढ़ा दी जिससे खालिक की मृत्यु हो गई। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली सिटी में हत्या सहित कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। पीड़िता मैमुनिशा का आरोप है कि उसके पुत्र की हत्या में नामजद आरोपी हिस्ट्रीशीटर हैं और उनका क्षेत्र में काफी भय भी है। हत्या जैसे आरोप के बावजूद उनकी गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार में भी भय व्याप्त है। वे परिवार के किसी अन्य सदस्य की भी हत्या कर सकते हैं। इससे पूर्व 19 मार्च को पीड़िता मैमुनिशा के पुत्र वसी अहमद उर्फ ननकऊ की कुछ लोगों ने हत्या कर दी थी। मृतक के भाई शहजाद की तहरीर पर मान्धाता थाने में मुन्नू उर्फ जाहिद, सलाहउद्दीन, अद्धे लाला, गुरफान, कलाम, साबिर, आजाद अली एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध हत्या सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में कुछ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए थे और वे जेल में हैं किन्तु अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। अपने दो बेटों की हत्या से पीड़िता पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। उसने पुलिस अधीक्षक से नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की है।

### ज्योति पर्व दीपावली पर दिखा उल्लास, रोशनी से नहाया बाबा धाम

**प्रतापगढ़।** दीपावली का पर्व ज्योति पर्व के रूप मे सोल्लास मनाया गया। क्षेत्र के पौराणिक धाम बाबा घुइसरनाथ मे देर शाम से श्रद्धालुओं ने बाबा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मन्नतें मांगी। मुख्य मंदिर से लेकर सई घाट तक दीपों की जगमगाहट श्रद्धालुओं मे आर्कषण लिए रही। वहीं अन्य विभिन्न मंदिरो मे भी दीपावली पर हुई रोशनी भक्तों का मन मोहती दिखी। नगर के इंदिरा चैक पर भी आकर्षण विद्युत साजसज्जा के साथ घंटाघर गेट पर भी रोशनी खास दिखी। वहीं घरों मे शाम के समय शुभ मुहूर्त मे श्रद्धालुओं ने गणेश-लक्ष्मी का विधिविधान से पूजनअर्चन किया। घरों मे भी दीप की जगमगाहट तथा विद्युत सजावट दीपावली के पर्व को यादगार बनाती देखी गई। शाम को चैक तिराहे तथा गांवों मे बच्चों ने पटाखो का धमाल किया तो एक से बढ़कर एक रोशनी के रॉकेट का भी कौतूहल नजर आया। एहतियातन बाजारो मे पुलिस की तैनाती बनी दिखी। एसडीएम राम नारायण ने भ्रमण कर तहसील क्षेत्र मे शांति व व्यवस्था की देखरेख की।


प्रकाश पर्व को अनोखे अंदाज में पेड़ों संग मनाया।

# पेड़ों संग दीवाली मना कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश

**प्रतापगढ़।** प्रकाश पर्व दीपावली को पर्यावरण सेना ने अनोखे अंदाज में मनाकर लोगों को प्रदूषण मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्ष रक्षा का संदेश दिया। पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी के नेतृत्व में खमपुर दूबे पट्टी में पर्यावरण सैनिक रंजन प्रसाद दूबे के आवास पर वृक्षों की पूजा-आरती कर उनके प्रति ऑक्सीजन के रूप में प्राणवायु देने पर आभार व्यक्त करते हुए वृक्षों की रक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।साथ सभी उपस्थित लोगों को प्रदूष मुक्त दिवाली मनाते हुए पौधरोपण के साथ आ संरक्षण और पराली प्रदूषण को रोकने हेतु जागरुक किया गया। इस अवसर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा दीवाली प्रकाश का पर्व है हमें लोगों के सुख और समृद्धि की कामना करनी चाहिए।बढ़ते प्रदूषण के कारण इसमें बाधा पड़ रही है।हमें चाहिए कि हम प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाते हुए पर्यावरण की सुरक्षा करें। पेड़ों संग दीवाली इस चेतना को आगे बढ़ाने का प्रयास है।उन्होंने सभी से पटाखा मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल दीवाली मनाने का आह्वान किया। इस मौके पर शिव सागर शुक्ला, रवि प्रकाश मिश्र,श्रीकांत दुबे, रंजन प्रसाद दूबे,राघवेंद्र दूबे(रिंकू) विजय कुमार दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

### शिवशंकर बने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव

**प्रतापगढ़।** शिव शंकर भुर्जी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बनने पर कुण्डा में प्रथम आगमन पर डाकबँगले पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया । इस मौके पर दिलीप गौतम जिला सचिव प्रतापगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष कुण्डा मोहम्मद युसूफ, नगर अध्यक्ष सज्जाद हुसैन, अशोक प्रताप सिंह एडवोकेट, शिवचन्द्र भुर्जी, अर्जुन गौतम, मोहम्मद इकलाख एडोकेट, महेश जायसवाल, डा. शिव प्रसाद जायसवाल, डा. लाईफ अहमद व सज्जाद आदि उपस्थित रहे ।

### तीन जुआरी धराये, गये जेल

**प्रतापगढ़।** बाग मे ताश के पत्ते के साथ जुआ खेल रहे तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गये। लीलापुर चैकी के तेजतर्रार इंचार्ज बंशीधर राय रविवार को गश्त पर निकले थे। करीब पांच बजे सूचना मिलने पर वह फोर्स के साथ लीलापुर डिग्री कालेज के समीप बाग मे पहुंचे तो चार लोगों को ताश के पत्ते के साथ जुआ खेलते रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गये आरोपी मान्धाता थाना के छोटी खरवई निवासी सिराजुल तथा लालगंज कोतवाली के खरगपुर निवासी दिलशाद व तौमीर एवं जेठवारा थाना के सिंधौर निवासी अशरफ के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम का केस दर्ज किया है।

# योगीराज में अधिकारियों की गजब की है कानून व्यवस्था

## सहायक कलेक्टर द्वारा नीलाम कर बिक्रय प्रमाण पत्र जारी की गई भूमि पर भूस्वामी के कब्जे पर अराजकतत्वों का व्यवधान

## फर्जी शिकायती पत्र लेकर पहुंचने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने के बजाए जांच कराने का आदेश दे रहे अधिकारी

**कौशांबी।** योगीराज में अधिकारियों की गजब की न्याय ब्यवस्था है जिस जमीन को तत्कालीन सहायक कलेक्टर आईएएस ने खुद नीलाम कर मानिक चन्द्र के हाथ बिक्रय कर उनसे धन अर्जित कर सरकारी खजाने में जमा कर क्रेता भूस्वामी मानिक चन्द्र को विक्रय प्रमाण पत्र दिया था सहायक कलेक्टर द्वारा विक्रय प्रमाण पत्र मिलने के बाद उस भूमि पर उस समय काबिज होने के बाद वर्तमान के निर्माण पर अराजकतत्वों के तमाम तरह के व्यवधान से खरीददार को वर्तमान में गुजारना पड़ रहा है। जिस जमीन को तत्कालीन सहायक कलेक्टर ने बेचा है उसी जमीन पर खरीददार के कब्जे पर असामाजिक तत्वों द्वारा शिकायती पत्र देकर अवरोध डालने का प्रयास किया जा रहा है आखिर असामाजिक तत्वों को शिकायती पत्र के साथ गिरफ्तार कर अब तक अधिकारियों ने जेल क्यों नहीं भेजा है यह बड़ा सवाल है।

गौरतलब है कि चायल तहसील क्षेत्र के काजू गांव निवासी इंद्र नारायण पुत्र महावीर राजकीय देय सिंचाई कर के बकायेदार थे जिस पर राजकीय देय की वसूली के लिए उनकी अचल संपत्ति को कुर्क करके 22-10- 1990 को न्यायालय परगना अधिकारी सहायक कलेक्टर चायल इलाहाबाद ने सार्वजानिक तरीके से नीलाम किया था इस नीलामी में मानिक चंद्र पुत्र राम प्रसाद निवासी काजू को सहायक कलेक्टर आईएएस द्वारा खुद क्रेता घोषित किया गया इस नीलामी की पुष्टि तत्कालीन आईएएस जीवेश नंदन परगना अधिकारी सहायक कलेक्टर चायल द्वारा 22 दिसम्बर 1990 को भूमि व्यवस्था नियमावली के अंतर्गत विक्रय प्रमाण पत्र जारी कर की गई थी यह संपत्ति काजू ग्राम सभा में आराजी नंबर 470 रकबा 8 बिस्वा 10 धूर का आधा हिस्सा मानिक चंद्र पुत्र राम प्रसाद के नाम विक्रय कर क्रेता को पूर्ण स्वामित्व दिया गया है और अभिलेखों में क्रेता का नाम दर्ज कराया गया है। मानिकचंद और उनके पुत्रों का इस जमीन पर पूर्ण कब्जा है कुछ हिस्से में भवन बने हैं कुछ हिस्से खाली पड़े है तीन दिन पहले मानिकचंद के पुत्र उमेश केसरवानी दिवाकर केसरवानी आदि ने इसी जमीन के खाली पड़े हिस्से पर भवन निर्माण शुरू कर दिया तो गांव के असामाजिक तत्व शेरे पुस्ती गुंडई से निर्माण पर व्यवधान उत्पन्न शुरू कर दिया निर्माण पर व्यवधान उत्पन्न करने वालों में थाने के मंदिर का एक पुजारी भी शामिल है इलाके में किसी के भी निर्माण पर व्यवधान डाल कर उन्हें प्रताड़ित कर धना दोहन इनका पेशा बन चुका है और अपने इसी आदतन के अनुसार दर्जनों लोग एकत्रित होकर सहायक कलेक्टर द्वारा बेची गई जमीन पर वास्तविक भूस्वामी के निर्माण को रोक दिया। अब योगी सरकार के अधिकारियों की न्याय व्यवस्था इस कदर लचर है कि वास्तविक मालिक को काबिज करा कर अराजक तत्वों की गिरफ्तारी करा कर उन्हें जेल भेजने का साहस करने के बजाय अराजक तत्वों के शिकायती पत्रों पर जांच करा कर कार्यवाही का आश्वासन देकर उनका हौसला बढ़ा दिया गया है पूर्व के इतिहास बताते हैं कि असामाजिक तत्व बेवजह जमीनी विवाद उत्पन्न कर लोगों को प्रताड़ित कर धना दोहन करने के आदी है। सहायक कलेक्टर से सरकारी जमीन खरीदने वाले भूस्वामी के पुत्र योगीराज में न्याय के लिए दर दर भटक रहे है उप जिला अधिकारी चायल कार्यालय से लेकर पुलिस अधीक्षक तक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है लेकिन अभी तक योगीराज में उन्हें न्याय नहीं मिल सका इसके पूर्व भी अराजक तत्वों द्वारा उक्त जमीन पर ब्यवधान डालने का प्रयास किया गया था जिस पर तत्कालीन अधिकारियों ने अराजक तत्वों के मंसूबे पर पानी फेर दिया था अब सवाल उठता है कि सहायक कलेक्टर द्वारा बेची गई भूमि पर योगीराज में जमीन के असली मालिक मानिकचंद के पुत्र उमेश केसरवानी दिवाकर केसरवानी आदि काबिज हो पाते हैं या फिर जांच और कार्यवाही के नाम पर अराजक तत्व अत्याचार अन्याय करने में सफल होंगे यह बड़ा सवाल है।


विवाद के बाद परेशान लोग

### नगदी जेवर सहित एक लाख का सामान उठा ले गए चोर

**लोधौर कौशाम्बी।** पिपरी थाना के लोधउर चौकी अन्तर्गत ग्राम औधन के मजरा गौहर अली का पूरा में रामबाबू पाल पुत्र रामलाल के यहाँ रविवार की रात घर मे पीछे से दीवार में सेंध कर घुसे चोर बक्सा घर के पीछे बगीचा में उठा ले गए बक्से में चालीस हजार रुपये नगद चांदी की करधनी 500 ग्राम चांदी का छागल 400 ग्राम और चांदी की चैनपट्टी 4 नग मौजूद थी जिसे चोरो ने पार कर दिया है गृहस्वामी के मुताबिक लगभग 1 किलो चांदी के जेवरात और चालिस हजार रुपए नगद चोर उठा ले गए थे मामले की सूचना पुलिस को दी गयी है।

### सुलह कराने को उतावली पुलिस

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भक्तन का पूरा गांव में 12 नवंबर की रात गांव की एक महिला के साथ पड़ोसी ने छेड़खानी करने के नियत से उसके घर घुस गया था आरोप है कि उसने घर में रखी नगदी भी ले ली और उसके जेवर भी उतार लिए हैं और दुराचार का प्रयास किया है महिला के मुताबिक उसने हल्ला मचाया तो आरोपी भाग गया मामले की सूचना पीड़ित महिला ने मंझनपुर पुलिस को दी है महिला का कहना है कि पुलिस इस मामले में आरोपी पर शांति भंग की कार्यवाही कर सुलह समझौता कराने को तैयार है।

# औचक निरीक्षण में बिफरे एएसपी दीवान का स्पष्टीकरण किया तलब

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के औचक निरीक्षण मे अभिलेखो के बेतरतीव होने तथा लूट जैसी घटनाओं के आरोपियो के जमानत की तारीख का ब्यौरा न देख सोमवार को जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी का पारा चढ़ गया। एएसपी दिनेश द्विवेदी ने लापरवाही पर कोतवाली के दीवान ज्ञानचंद्र तिवारी का स्पष्टीकरण भी तलब कर लिया। दोपहर अचानक एएसपी कोतवाली आ धमके। उन्होनें दीवान को तलब कर अभिलेख मंगवाए। अभिलेखो पर पुलिस डयूटी तथा लूट जैसी घटनाओं के आरोपियो के जमानत की सही प्रवृष्टियां न देख वह भड़क उठे। महिला हेल्प डेस्क पर भी दर्ज कई शिकायतो के निस्तारण की भी एएसपी को प्रवृष्टि न मिली। नाराज अपर पुलिस अधीक्षक ने दीवान को खरीखोटी सुनाते हुए कोतवाल संजय यादव को भी कर्रा किया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान कोतवाल को यह भी निर्देश दिये कि चैकी पर से भी विभागीय कर्मियों की रोजमर्रा डयूटी का ब्यौरा कोतवाली मे अंकित किया जाय। उन्होने लूट के जमानत से छूटे आरोपियो की गतिविधियो पर भी नियमित रूप से कडी नजर रखने के निर्देश दिये। महिला हेल्प डेस्क से जुडी शिकायतो के निस्तारण चैबीस घंटे मे कराकर इसे भी रजिस्टर पर दर्ज किये जाने को कहा। सीसीटीएनएस से ऑनलाइन आपराधिक मुकदमो की सूची तलब की। इस पर भी सन 2015 से लेकर 2019 तक के कुछ मुकदमो की पेंडिग देख अपर पुलिस अधीक्षक का पारा और चढ़ गया। नाराज एएसपी ने दीवान ज्ञानचंद्र को फटकार लगाते हुए लापरवाही पर स्पष्टीकरण तलब किया है। एएसपी ने हिस्ट्रीशीटरो तथा चिन्हित अपराधियो की रोज निगरानी कराये जाने को कहा। निरीक्षण के दौरान कोतवाली मे मौजूद कुछ फरियादियो से भी एएसपी सीधे रूबरू हुये। हण्डौर गांव के एक दलित की पिटाई को लेकर अभियोग न दर्ज होने पर नाराजगी जताई। कोतवाल को जांच कर पीडित का मुकदमा फौरन दर्ज कराये जाने को कहा। एसएसआई रामअधार यादव तथा दरोगा सुनील राय को भी एएसपी की फटकार झेलते देखा गया। एएसपी के कडे मिजाज को लेकर घंटो कोतवाली मे हडकंप का माहौल दिखा।



औचक निरीक्षण में पहुंचे एएसपी

## आठ जुआड़ियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार कस्बा में मचा हड़कंप

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा में परीवा के दिन जुआ खेलने वालों में होड़ लगी थी कितनी जल्दी हम लखपति बन जाए इसी उद्देश्य से परीवा जगाने जुआरी पहुच गए और जुआ खेलने लगे। उधर चौकी इंचार्ज ने पहले ही कस्बे में चेतावनी दे रखी थी कि किसी भी प्रकार से कोई भी व्यक्ति जुआ नही खेलेगा इसके बाबजूद दर्जनों लोग परीवा जगाने कस्बा के एक चर्चित गेस्ट हाउस पहुच गए जिसकी जानकारी होते ही भरवारी पुलिस चौकी की टीम जुआड़ियों के फड़ पर पहुच कर उन्हें घेर लिया जैसे ही पुलिस को आता देख जुआरियो ने भागने की कोशिश की तभी चारो तरफ से अपने आपको घिरा देख वह सहम गए वही पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहे योगेश तिवारी की टीम ने जुआरियो को धर दबोचा, पकड़े गए जुआड़ियों के पास से ताश के बावन पत्तो के साथ बारह हजार तीन सौ नगद व जामा तलाशी आठ सौ रुपये नगद बरामद कर लिखा पढ़ी कर जुआरियो को सलाखों के अंदर किया इस धड़ पकड़ से लखपति बनने का देख रहे जुआरियो का सपना चकना चूर हुआ। इस बीच कस्बा के काफी लोगो की भीड़ पुलिस चौकी के पास लगी रही अपनो को छुड़ाने के लिए मगर जिद्दी चौकी इंचार्ज ने किसी की न सुनी इस धरपकड़ कार्यवाही में योगेश तिवारी के साथ नायाब दरोगा कमलेश शर्मा सिपाही रवि प्रशांत शेखर जटाशंकर आदि लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय बीमारी है कांग्रेस पार्टी : उपमुख्यमंत्री

## जगह जगह पर कार्यकताओं ने किया उप मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत

**अझुवा कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार के दिन जिले में रहे और केशव प्रसाद मौर्य पार्टी कार्यकताओं के घरों पर गए जहां उनका हालचाल लिया पार्टी के पदाधिकारी राजकुमार केसरवानी की बीते दिनों मौत हो गई थी जिस पर उनके घर भी केशव प्रसाद मौर्य गए और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी मृतक परिवारों से शोक संवेदना व्यक्त किया और हर संभव मदद का उन्होंने आश्वासन दिया है ततपश्चात बीते दिनों सैनी के डॉक्टर सुंदर लाल कुशवाहा की मृत्यु हो गयी थी उनके परिजनों से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दिया है।

जैसे ही उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या का काफिला पूरामुफ्ती थाने पहुंचा संजय विधायक के नेतृत्व में कार्यकताओं ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया जैसे-जैसे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का काफिला आगे बढ़ा कोइलाहा काजीपुर इमामगंज मूरतगंज कल्यानपुर गुलामी पुर सैनी आदि स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ अपने नेता उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का जोरदार स्वागत किया है। इस मौके पर केशव मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय बीमारी बन चुकी है यह देश की जनता का भला नहीं कर सकती है इससे सावधान रहने की जरूरत है उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार देश के विकास में लगी है लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता विकास में बाधक बंद है उन्होंने कहा कि और पार्टिया तो आपस में लड़ रही हैं उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो पार्टी देश की सेवा करेगी उन्हीं के साथ जनता जनार्दन रहेगी उन्होंने कहा कि रामराज की सरकार खत्म अब जो जनता के काम करके जनता के बीच में रहेगा उसी की सरकार रहेगी ।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ विधायक संजय गुप्ता जिला अध्यक्ष अनिता त्रिपाठी धर्मराज मौर्य मंगल प्रसाद मौर्य समेत तमाम वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


उपमुख्यमंत्री से मिलते लोग।

## खेत में जला दी पराली नहीं पहुँचे राजस्व कर्मी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय से सटे ग्राम इटावा ग्राम पंचायत बंधवा रबर के गुलाब यादव पुत्र स्वर्गीय राम सुरेमन वा मुलायम सिंह यादव पुत्र स्वर्गीय श्रीपत यादव निवासी ग्राम इटैला जो कि शासन का आदेश का पालन नहीं करते उन्होंने ने 8 बीघा खेत की पराली खेत में ही जला दिया छोटे-छोटे किसानों के पराली जलाए जाने पर जुमार्ना वसूलने वाले राजस्व कर्मी इन बड़े किसानों के पराली जलाए जाने पर अभी तक किसान के खेत नहीं पहुंच सके हैं।

# भैया दूज पर सम्मानित किए गए मोती सिंह

**प्रतापगढ़।** भैया दूज के पावन अवसर पर रामानुज आश्रम संत रामानुज मार्ग पर प्रदेश के काबीना मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह पहुंचे जहां पर उनका संस्थान की ओर से भव्य स्वागत किया गया। धमाचार्य की बहन सुधा ओझा ने आपकी आरती उतार कर आपको तिलक करके आपके यशस्वी जीवन एवं सुख समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की भगवान जगन्नाथ जी एवं यमराज तथा यमुना जी से से प्रार्थना किया ।धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडेय अनिरुद्ध रामानुज दास ने श्रीफल अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र प्रदान कर मंत्री जी को सम्मानित करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। इस अवसर पर राजेश प्रताप सिंह मोती सिंह ने कहा कि आज मैं भैया दूज के पावन अवसर पर अभिभूत हूं। हमारे सनातन धर्म की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है यमराज जी ने अपनी बहन यमुना के यहां जाकर के आज ही के दिन भोजन प्रसाद किया था और उन्होंने यमुना को वरदान दिया था कि भैया दूज के दिन जो भी बहन अपने भाई के जीवन के सुखमय जीवन के लिए कामना करेगी।


काबीना मंत्री को सम्मानित करते रामानुज आश्रम के संत ओम प्रकाश पाण्डेय